शेरावालिये मुझे अपना बनाले भजन लिरिक्स

शेरावालिये मुझे अपना बनाले,
झूठा है जमाना,
अपने दर पे बुलाले।bd।

तेरे दरस को मैया,
अखियां है प्यासी,
दे के दरश मां दूर,
कर दे उदासी,
जैसा भी हूं मैया,
हमको निभाले,
झूठा है जमाना,
अपने दर पे बुलाले।bd।

उज्जली मैया तेरी,
किरपा निराली,
तेरे शक्ति धाम से कोई,
जाए ना खाली,
बालक हूं तेरा,
आंचल में छुपाले,
झूठा है जमाना,
अपने दर पे बुलाले।bd।

मैंने सुना है,
मुश्किलें दूर होगी,
'तरुण राजन' की,
अर्जी मां मंजूर होगी,
सेवा में 'सूरज सोनी',
को लगा ले,
झूठा है जमाना,
अपने दर पे बुलाले।bd।

शेरावालिये मुझे अपना बनाले,
झूठा है जमाना,
अपने दर पे बुलाले।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com